# मीरजापुर पुलिस

## —प्रेस नोट—

दिनांकः 13.08.2025

**थाना चुनार पुलिस द्वारा अन्तर्जनपदीय शातिर वाहन चोर गैंग के 03 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी की 02 अदद चार पहिया व 02 अदद दो पहिया वाहन बरामद —**

“सोमेन बर्मा” वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने तथा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान व वाहनों की चोरी एवं बिक्री करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी/बरामदगी करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये हैं ।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में थाना चुनार पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है । आज दिनांकः13.08.2025 को थाना चुनार पुलिस टीम को जरिए मुखबिर भग्गल की मड़ई तिराहा, रैपुरिया मार्ग के पास कुछ लोगों द्वारा चोरी के चार पहिया व दो पहिया वाहनों की खरीद फरोख्त करने की सूचना प्राप्त हुई । उक्त सूचना पर थाना चुनार पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश देकर 03 नफर अभियुक्तों 1.शिवकुमार बिन्द पुत्र चीनी प्रसाद बिन्द निवासी मछहाँ थाना जिगना जनपद मीरजापुर व 02 नफर बाल अपचारी को पकड़ा गया तथा मौके से चोरी की 02 अदद चार पहिया वाहन(एक अदद पिकअप, एक अदद बोलेरो डीआई) व 02 अदद दो पहिया वाहन(एक अदद बजाज पल्सर व एक अदद हीरो स्प्लेण्डर) बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चुनार पर मु0अ0सं0-389/2025 धारा 317(2), 317(5) बीएनएस पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को मा0न्यायालय/जेल/किशोर न्याय बोर्ड भेजा जा रहा है ।

**विवरण पूछताछ —**

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि हम लोगों का एक 05 सदस्यीय संगठित गैंग है जोकि जनपद मीरजापुर व प्रयागराज के विभिन्न थाना क्षेत्रों से मौका देखकर वाहनों की चोरी करते है। चोरी के वाहनों को बिक्री हेतु खरीददारों को ढूंढ कर वाहनों को दिखा दिया जाता है । चोरी के वाहनों को बिहार प्रान्त ले जाकर सौदेबाजी कर बिक्री की जाती है। हम लोग चोरी के उक्त वाहनों को ग्राहकों को बिक्री हेतु दिखाने के लिए यहाँ रुके थे कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया ।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण —**

1.शिवकुमार बिन्द पुत्र चीनी प्रसाद बिन्द निवासी मछहाँ थाना जिगना जनपद मीरजापुर, उम्र करीब-19 वर्ष ।

2.बाल अपचारी

3.बाल अपचारी

पंजीकृत अभियोग —

मु0अ0सं0-389/2025 धारा 317(2), 317(5) बीएनएस थाना चुनार जनपद मीरजापुर।

विवरण बरामदगी—

चोरी की 02 अदद चार पहिया व 02 अदद दो पहिया वाहन।

| क्रमांक | वाहन का नाम | चेचिस नम्बर | इंजन नम्बर | वास्तविक वाहन संख्या | अंकित वाहन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पिकअप | H1G56331 | TVH1G71289 | — | UP70FT3650 |
| 2 | बोलेरो | E5D67543 | GHE4D68034 | — | UP70CP6721 |
| 3 | हीरो स्प्लेण्डर | MBLJAW093K9E00574 | JA05EGK9D57074 | UP66Z0267 | बिना नम्बर प्लेट |
| 4 | बजाज पल्सर | MD2B64BX8MRD05673 | DHXRMD51553 | BR45M9655 | बिना नम्बर प्लेट |

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय —

भगल की मड़ई तिराहा, रैपुरिया मार्ग के पास से, आज दिनांकः13.08.2025 को समय 02:04 बजे।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

प्रभारी निरीक्षक-रविन्द्र भूषण मौर्य थाना चुनार जनपद मीरजापुर।

उप-निरीक्षक रामप्रताप यादव व दिलीप कुमार सिंह।

मुख्य आरक्षी अनिल यादव, शिम्पू सिंह, पंकज दूबे, विनय राय व सुमित सिंह।





************